तापमान
अधिकतम .30 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

4 अकादमिक उत्कृष्टता के लिए नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एमओयू

खबर संक्षेप

आज मनाया जाएगा रोजगार, आवास दिवस

रायगढ़। जिले में 7 फरवरी को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने, हितग्राहियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रति माह आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान आवास पूर्णता, रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आवास और रोजगार देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हितग्राहियों को निर्माण सामग्री और मजदूरी भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हो। 7 फरवरी का यह आयोजन ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जीद्ध योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। योजना के प्रचार.प्रसार के लिए पाम्पलेट एवं पोस्टर वितरित किए जाएंगे। आवास दिवस के अंतर्गत हितग्राहियों को निर्माण सामग्री की उपलब्धताए स्टॉलमेंट से जुड़ी प्रक्रियाओं और तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण की सुविधा दी जाएगी। प्रत्येक आवास के सामने सोख्ता गड्ढा निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया जाएगा। मनरेगा से अभिसरण के तहत आवास हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी का लाभ लेने की जानकारी दी जाएगी। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मनरेगा क्यू आर कोड स्कैन कर पिछले 5 वर्षों के कार्यों एवं नई वीबी जी राम जी योजना के प्रावधानों को देखने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में स्वीकृत 400 से अधिक आजीविका डबरियों, चेक डैम, स्टॉप डैम, गेवियन, कुआं.तालाब निर्माण, गहरीकरण, सोख्ता गड्ढा एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व पर चर्चा होगी।

जनदर्शन के आवेदनों पर त्वरित पहल

रायगढ़। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बुलेकेरा विकासखंड घरघोड़ा निवासी दिव्यांग छात्र गोविंद दास को उच्च शिक्षा हेतु लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। यह पहल जरूरतमंद एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन के दौरान ग्राम बुलेकेरा निवासी मनबन्धु दास ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र गोविंद दास की शिक्षा में आ रही आर्थिक कठिनाइयों की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि गोविंद दास डिग्री कॉलेज में एमएए की पढ़ाई कर रहा है, किंतु परिवार की सीमित आय एवं संसाधनों के अभाव में अध्ययन प्रभावित हो रहा है। गोविंद दास एक आंख से दिव्यांग होने के बावजूद नियमित रूप से पढ़ाई कर रहा है।

प्रभावित खसरा और रकबा के 35 मीटर चौड़ाई के अतिरिक्त

रिंग रोड के लिए पहले हुआ था ड्रोन सर्वे अब मौके पर जाएंगे आरआई-पटवारी

इन गांवों में जमीन खरीदी बिक्री पर लगा प्रतिबंध भी हट गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रिंग रोड़ के लिए पहले ड्रोन सर्वे किया गया था और अब मौके पर जाकर सर्वे किया जाएगा। इसके लिए 15 आरआई-पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अब आरआई-पटवारी अपने-अपने क्षेत्र के 9 गांवों में सर्वे करेंगे और पत्रक तैयार करेंगे। इसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया चालू होगी। हालांकि इसके लिए कई धाराओं का प्रकाशन किया जाता है।

शहर भीतर के यातायात दबाव को कम करने के लिए प्रस्तावित रिंग रोड के लिए अब सर्वे शुरु होगा। सर्वे के लिए हर तीन के गांव के पीछे पांच-पांच आरआई-पटवारियों की तैनाती कर दी गई है। इसके लिए बीते 1फरवरी को एसडीएम महेश शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है। चार पटवारियों की टीम में एक आरआई को रखा गया है। सभी टीम को सर्वे के लिए तीन-तीन गांव दिया गया है। जिन गांवों का सर्वे किया जाना है उसमें गोपालपुर, पण्डरीपानी, जुर्डा, रेगड़ा, भेलवांटिकरा, टारपाली, नवापाली, डूमरमुड़ा और मिड़मिड़ा शामिल है। इन गांवों में 40-40 मीटर के जद से बाहर लगाए गए जमीन खरीदी-बिक्री का प्रतिबंध हटा दिया गया है। याने इन गांवों में जहां से रिंग रोड गुजरेगी वहां मुख्य पाइंट से 35-35 मीटर की चौड़ाई और दोनों ओर 5-5 मीटर की चौड़ाई छोड़कर इन गांवों के अन्य सभी जमीनों पर लगाई गई प्रतिबंध हटा दिया गया है।

इन गांवों से गुजरेगी रिंग रोड

पुसौर तहसील के मिड़मिड़ा, नवापाली और डूमरमुड़ा और रायगढ़ तहसील के जुर्डा, पण्डरीपानी, गोपालपुर, टारपाली, भेलवांटिकरा और रेगड़ा से होकर रिंगरोड गुजरेगा। मतलब इंदिरा विहार के पास से रिंगरोड सीधे जुर्डा के पास जुड़ेगा। इधर ओडिशा रोड पर एनएच 49 से इसे जोड़ा जाएगा। निजी जमीनों का रकबा देखते हुए भूमि अधिग्रहण में 70 करोड़ रुपए मुआवजा देना पड़ेगा। इसका प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी ने मुख्यालय को भेज दिया है।

20 किमी रिंग में तीन फ्लाईओवर

20 किमी रिंग रोड की में तीन फ्लाईओवर बनाने की योजना है। इसके अलावा चार-पांच बड़े पुलों का निर्माण भी करना पड़ेगा। पूरी रोड कांक्रीट की बनेगी। रिंग रोड प्रोजेक्ट में करीब 400 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। अभी केवल सर्वे और भू-अर्जन को विधिवत मंजूरी मिली थी। कलेक्टर ने संबंधित खसरा नंबरों को चिह्नित करने के बाद 40 मीटर चौड़ाई में जमीन छोडकर बाकी को मुक्त करने का आदेश दिया है।

प्रारंभिक सर्वे में 70 करोड़ का मुआवजा

रायगढ़ में रिंग रोड निर्माण की तैयारी अंतिम दौर में है। करीब 20 किमी लंगे रिंग रोड के लिए भू-अर्जन में करीब 70 करोड़ खर्च होगा। पीडब्ल्यूडी ने इसका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। अब इसका विस्तृत डीपीआर तैयार कर भेजा जाएगा। रायगढ़ शहर के चारों ओर चौड़े रिंग रोड का घेरा तैयार होना है। भारी वाहनों को शहर की सीमा से दूर रखने की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए एलाइनमेंट भी फाइनल हो चुका है लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। सरकार ने बजट में रायगढ़ में रिंगरोड को मंजूरी दी है। रायगढ़ से गुजरने वाले दोनों एनएच को रिंगरोड से जोड़ा जाएगा।

ग्रामीणों के बीच पहुंचे वित्त मंत्री किया सीधा संवाद

रायगढ़। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी शुक्रवार को जिले के ग्राम गुड़गहन पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने गांव से जुड़ी विभिन्न बुनियादी आवश्यकताओं की जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा सड़क, पेयजल, विद्युत, आवास, स्वास्थ्य एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दे रखे गए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार का दृढ़ निश्चय है कि जिले के प्रत्येक गांव तक आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सरकार और प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

कार्बन फैक्ट्री सील, प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को खरसिया ब्लॉक के बानरपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में हुए फर्नेश ब्लास्ट मामले में जहां प्लांट को सील कर दिया गया है। वहीं कारखाना के सीजीएम और जीएम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी ओर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से श्रम न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। गुरुवार को सुबह करीब 9 बजे खरसिया के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्टरी में फर्नेश ब्लास्ट हो गया था। इसमें 9 महीने की दुधमुंही बच्ची के साथ उसकी मां, पिता और दादा बुरी तरह से झुलस गए थे। इसी एक अन्य परिवार के दो और एक अन्य कुल सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इस मामले में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल की ओर से जांच की गई थी। साथ ही खरसिया पुलिस भी पूरे मामले की जांच में जुटी थी। गंभीर रुप से झुलसे साहेब लाल खड़िया की पत्नी आशा खड़िया ने खरसिया थाने में लिखित शिकायत की है। जांच के बाद मंगल कार्बन फैक्टरी के मुख्य मैनेजर रुपेश शर्मा और मैनेजर प्रेमसागर त्रिपाठी उर्फ दादु महराज के खिलाफ बीएनएस 125 (a), 125 (b), 287, 288, 289, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं प्लांट को औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा सील कर दिया गया है। इसमें प्रतिशेध आदेश लगाकर बंद कर दिया गया है। वहीं कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 7a1, 7a2a, 7a2c, 41 और 73 के तहत कारखाना अधिभोगी सह प्रबंधक अविनाश गर्ग को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है।

ससुर और पति को खाना पहुंचाने गई थी बहू

कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में ब्लास्ट, झुलसा पूरा परिवार

सुबह 9 बजे की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के ग्राम बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में गुरुवार को सुबह करीब साढ़े 8 बजे ब्लास्ट होने से मां-बेटा, पिता-पुत्र, बहू और नातिन समेत 7 लोग के झुलस गए। जख्मों को इलाज को लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, इनमें से गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रायपुर ⏭ शेष पेज 5 पर

ऐसी घटी थी घटना

गुरुवार को सुबह 9 बजे प्लांट में ब्लास्ट हुआ था। जानकारी के अनुसार वहां के श्रमिक इंदीवर, कुलदीप, कौशल पटेल और शिव खड़िया कारखाने मे फर्नेस का ढक्कन खोल रहे थे। वहां प्रिया सारथी कार्बन को उठा रही थी। शिव खड़िया की पत्नी उदासिनी वही पर बच्ची को पकड़कर खड़ी थी। साहेबलाल कारखाने में खाना पहुँचाने आया था। वह भी फर्नेश के पास खड़े होकर देख रहा था। वहाँ अचानक फर्नेश का आग प्रेशर से बाहर निकला। आग की लपटों से साहेबलाल खड़िया 55, उसका बेटा शिव खड़िया, बहु उदासिनी 30 और 9 महीने की बच्ची गंभीर रुप से झुलस गई थी। कौशल पटेल, इंदीवर एवं इंदीवर की माँ प्रिया सारथी भी आग से जलकर गई। शिव और इंदीवर सबसे ज्यादा झुलसे थे। उनके पूरे शरीर का त्वचा उधड़ गया था। इसमें दो परिवार के 6 लोग सबसे ज्यादा गंभीर घायल हो गए हैं।

ये झुलसे हैं गंभीर रुप से

साहेब लाल खड़िया पिता कुलराम 55 रजघटा, शिव खड़िया पिता साहेब लाल 35 रजघटा, उदासीन पति शिव खड़िया 30 रजघटा और 9 महीने की बच्ची भूमि पिता शिव खड़िया सभी एक ही परिवार के हैं। इसी तरह प्रिया पति चमार सिंह 32 ठाकुरदिया, इंदिवर पिता चमार सिंह 19 ठाकुरदिया दोनों मां बेटे हैं। कौशल कुमार पटेल पिता पितराम पटेल 20 रजघटा गंभीर रुप से घायल हो गए थे।

मोहल्ले में दोस्तों के साथ खड़ा था युवक, मुखबिरी के शक में दिनदहाड़े उठा ले गए आरोपी

रस्सी से बांधा हाथ पैर मोबाइल लूटकर दूसरे गांव में छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुखबिरी की शक में युवक को दिन दहाड़े अपहरण करने का मामला सामने आया है। किडनैप करने के बाद आरोपियों ने युवक को दूसरे गांव ले गए थे। वहां रस्सी से हाथ-पैर बांधकर पहले तो मारपीट की और बाद में उसका मोबाइल लूट लिया और कया गांव में छोड़कर फरार हो गए। घरघोड़ा पुलिस ने युवक का किडनैपिंग कर मारपीट और लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन तथा लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

घटना की रिपोर्ट 5 फरवरी को थाना घरघोड़ा में प्रार्थी प्रीतराम चौहान पिता रूपसिंह चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम रायकेरा द्वारा दर्ज कराई गई।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 4 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे गांव के ठण्डु यादव के घर के पास मौजूद था, तभी ग्राम रायकेरा के रोहित दास महंत, हलधर राठिया एवं उनका साथी राजू यादव बोलेरो वाहन से पहुंचे और जबरन हाथ पकड़कर उसे वाहन में बिठा लिया। तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और रायकेरा से ग्राम कया ले गए। वहां वाहन से उतारकर लकड़ी के डंडे व हाथ-मुक्कों से दोबारा बेरहमी से पिटाई की गई। आरोपियों ने प्रीतराम चौहान को आबकारी विभाग से शराब बिक्री करने वालों को पकडवाने की मुखबिरी के रंजीश पर गाली गलौज कर मारपीट किए और जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल लूट लिया। रस्सी से बांधकर ग्राम कया के पास छोड़ दिया गया। घरघोड़ा पुलिस ने धारा 296, 351,2 115,2 ए 140,3ए 3,5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया था। घरघोड़ा टीआई कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में तत्काल दबिश दी गई। तीनों आरोपियों को रायकेरा में पकड़ लिया गया।

युवक को जबरन बोलेरो वाहन में बिठाकर ले गए

ये हैं किडनैपिंग के मास्टर माइंड

गिरफ्तार आरोपी रोहित दास महंत पिता स्व. मंगल दास महंत 40, हलधर राठिया पिता अमरसिंह राठिया 30, दोनों निवासी रायकेरा डोंगरीपारा, राजू यादव पिता स्व. उमित लाल यादव 33 निवासी ग्राम सिंघनपुर थाना कोसीर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने गांव में शराब बिक्री करने वालों की मुखबिरी करने की रंजिश में अपहरण, मारपीट और मोबाइल लूट की वारदात स्वीकार की। आरोपी रोहित दास महंत से महिंद्रा बोलेरो क्रमांक सीजी13 बीडी 8475 आरोपी हलधर राठिया से लूटा गया मोबाइल तथा आरोपी राजू यादव से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जब्त किया गया। लूट की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 309, 6 बीएनएस भी जोड़ी गई है। तीनों आरोपियों को रिमांड पर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

महिला सेना पुलिस भर्ती का शारीरिक परीक्षा 23 को

सारंगढ़। सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर द्वारा सेना में महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउन्ड झिंझारी कटनी मध्यप्रदेश में किया गया है, जिसमें सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ अंतर्गत आने वाले सभी 33 जिलों की ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में सफल हुए महिला उम्मीदवार भी हिस्सा लेंगी। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण महिला उम्मीदवार ही शारीरिक दक्षता और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लें सकेंगे। शारीरिक दक्षताए दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की 24 फरवरी को सेना अस्पताल जबलपुर में चिकित्सा जांच की जाएगी। रैली में भाग लेने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र उनके ई.मेल पर भेजा गया है। साथ ही प्रवेश पत्र वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है और ईमेल पर भेजा गया है।

लंबे समय से पुलिस की आंख में झोंक रहे थे धूल, 48 घंटे के अभियान में पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना तमनार
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए 48 घंटे का विशेष महा अभियान चलाया गया। जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से पुलिस टीमों को तैनात कर एक साथ दबिश दी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने जिलेभर से कुल 214 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है। अभियान की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ राज्य के बाहर तक जाकर फरार वारंटियों की पतासाजी की और उन्हें पकड़कर रायगढ़ लाया गया। लंबे समय से फरारी काट रहे आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से बचना अब संभव नहीं है। इस विशेष अभियान में तमनार पुलिस ने सर्वाधिक सफलता अर्जित करते हुए 26 स्थायी एवं 2 गिरफ्तारी वारंट तामील किए।

आरोपी भूल गया था अपना अपराध

पुलिस की इस अभियान के दौरान एक दिलचस्प वाक्या सामने आया है। इसमें एक 22 साल से फरार आरोपी को पकड़ा गया है। यह आरोपी अपराध कर भूल गया था। जानकारी के अनुसार साल 2004 के मारपीट एवं चोरी प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी साधुराम राठिया पिता जगन्नाथ राठिया निवासी टांगरघाट थाना तमनार को 22 वर्ष बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी पंजाब प्रांत में छिपकर रह रहा था और हाल ही में गांव लौटने की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया।

वित्त मंत्री ओपी ने शहर में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

लोगों को मिलेगा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, हरित क्षेत्र एवं सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी शुक्रवार को शहर में निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों एवं बुनियादी परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने इतवारी बाजार, नालंदा परिसर, कयाघाट, किसान राइस मिल के पास ऑक्सीजोन तथा ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा के भीतर, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएंए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी निर्माणाधीन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रायगढ़ शहर को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, हरित क्षेत्र एवं सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इतवारी बाजार एवं कबीर चौक क्षेत्र में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन को उन्होंने भविष्य की महत्वपूर्ण हरित पहल बताया। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने नालंदा परिसर मंर लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया।

आधुनिक शैक्षणिक केंद्र के रुप में होगा विकसित

उन्होंने बताया कि इसके पूर्ण होने के पश्चात यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक आधुनिक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसान राइस मिल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर पहुंचकर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी ली। पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र के समग्र विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद रायगढ़ के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

खबर संक्षेप

ब्रजराजनगर में युवक की निर्मम हत्या

झारसुगुड़ा। ब्रजराजनगर झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकुरी कानी जंगल से आज ब्रजराजनगर पुलिस ने युवक का सड़ा हुआ शव बरामद किया है। मृतक युवक का नाम साहिल साहिस 19 है। हत्यारों ने हत्या के बाद शव को काले पॉलीथीन में लपेटकर तार बेल्ट और रस्सी से बांध दिया था। ब्रजराजनगर थाना अधिकारी धबलेश्वर साहूए रामपुर फांडी अधिकारी सुंदरशन बेहेरा तथा ब्रजराजनगर एसडीपीओ चिंतामणि प्रधान घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। जांच में सहायता के लिए साइंटिफिक टीम की मदद ली गई है। मृत युवक रामपुर क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। मृतक के पिता सत्य नारायण साहिस के अनुसार उनका बेटा साहिल 1 फरवरी दोपहर से घर नहीं लौटा था। विभिन्न जगहों पर खोजबीन करने के बावजूद नहीं मिला। साहिल के साथियों ने उसे मारकर यहां फेंक दिया होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारी की बहादुरी की हुई सराहना

राउरकेला। राउकेला में एक पुलिस अधिकारी के साहस और कर्तव्यनिष्ठा की एक उल्लेखनीय घटना ने जनता से व्यापक प्रशंसा प्राप्त की है। असाधारण साहस और ड्यूटी के प्रति समर्पण दिखाते हुएए अधिकारी ने अपनी जान जोखिम में डालकर गुरुवार रात देर से एक युवक को डूबने से बचाया। गोपबंधु पाली क्षेत्र में जो प्लांट साइट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। वहां स्थित एक तालाब में एक युवक किसी अज्ञात कारण से गिर गया। जैसे ही वह डूबने लगाए स्थानीय निवासियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गोपबंधु पाली पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी चिन्मय बाल बिना देर किए घटनास्थल पर पहुंच गए। रात के अंधेरे में उन्होंने बहादुरी से तालाब में छलांग लगा दी और बचाव अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद उन्होंने युवक को पानी से बाहर निकालकर जिंदा बचा लिया। बचाव अभियान में स्थानीय युवकों ने भी सहायता की। हालांकिए अधिकारी चिन्मय बाल की त्वरित कार्रवाईए साहस और जिम्मेदारी की भावना की स्थानीय निवासियों तथा मौके पर मौजूद लोगों द्वारा खूब सराहना की गई है।

बाइक पर ट्रक चढ़ गया, 2 युवक की मौत

राउरकेला। 20 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धकोठा के निकट लोहे के पत्थर से लदा ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत हो गईए जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों में घसिपुरा थाना अंतर्गत मार्शापाल गांव के नारायण टुडु 18 और भंज किंसकु 24 शामिल हैं। घायल अजय टुडु 18 को पहले आनंदपुर और फिर कटक के बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना के अनुसार मार्शापाल गांव के तीन युवक एक बाइक पर घर लौट रहे थे, तभी धकोठा टेलीफोन एक्सचेंज के पास ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। नारायण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि भंज की मौत आनंदपुर अस्पताल में हो गई। दुर्घटना करने वाला ट्रक घटनास्थल से तेजी से भाग गया। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन घसिपुरा पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

नाबालिग छात्रा से दरिंदगी इलाज के अभाव में मौत

राउरकेला। राउरकेला पुलिस जिला के बिसरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल जाते समय किडनैप दुष्कर्म और फिर हत्या का मामला सामने आया है। इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत तथा पड़ताल में सामने आया कि गुरुवार सुबह छात्रा रोज की तरह घर से स्कूल के लिए निकली थीए लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। स्कूल में पूछताछ करने पर पता चला कि वह वहां पहुंची ही नहीं। इससे परिजन और गांव के लोग चिंतित हो गए और बिसरा थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। इसी दौरान गांव और स्कूल के बीच जंगल के पास छात्रा की साइकिल मिलने की जानकारी मिली। ग्रामीणों की मदद से रात करीब नौ बजे जंगल में एक पेड़ के नीचे छात्रा बेहोशी की हालत में मिली। उसके शरीर पर संघर्ष के निशान थे और पास में जहर की बोतल पड़ी थी। हालांकि उस समय उसकी सांस चल रही थी, लेकिन वह बोलने की स्थिति में नहीं थी। उसे तत्काल बिसरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर राउरकेला रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि इतने संवेदनशील मामले में भी पुलिस ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। हाईटेक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद विशेषज्ञ के अभाव में रेफर कर दिया गया। अपोलो अस्पताल में आईसीयू बेड नहीं होने और आईजीएच में भी इलाज नहीं मिलने से छात्रा को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकना पड़ा।

क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, शामिल हुईं सीएम की धर्मपत्नी साय

जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे स्व. ओमप्रकाश: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगिया में आयोजित स्वर्गीय ओमप्रकाश साय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-2 का भव्य एवं गरिमामय समापन गुरुवार को किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वर्गीय ओमप्रकाश साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूरे परिसर में भावनात्मक माहौल देखने को मिला और उपस्थित जनसमूह ने स्वर्गीय साय के सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित रहीं। उन्होंने स्व. ओमप्रकाश साय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश साय समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में क्षेत्र के विकास और लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य किया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति में आयोजित खेल प्रतियोगिता युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ समाज को एकता और भाईचारे का संदेश भी देती है।

विजेताओं को पुरस्कार: बल्लेबाजी करने उतरी बंदरचूआ की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 86 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पगुराबहार की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की।प्रतियोगिता में विजेता टीम पगुराबहार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम बंदरचूआ को 21 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इनकी रही उपस्थिति : कार्यक्रम में सरपंच राजकुमारी साय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद चौधरी, जिला पंचायत सदस्य हीरामति पैंकरा, मंडल अध्यक्ष रवि यादव, जनपद सदस्य सरोज यादव, रामविलास राम, समिति सदस्य रामनारायण राम, अजीत साय, अवधेश साय, परमेश्वर साय, किशोर साय, राजेंद्र राम, विनोद साय, प्रवीण साय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला और प्रतियोगिता ने क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

संघर्ष एवं टीम भावना सिखाने का माध्यम

श्रीमती कौशल्या साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना सिखाने का सशक्त जरिया है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने गांव, क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन करें।

ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए शसक्त मंच

उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। फाइनल मुकाबला पगुराबहार और बंदरचूआ टीम के बीच खेला गया, जिसमें पगुराबहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बंदरचूआ को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पगुराबहार ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया।

बाल विवाह सामाजिक कुरीति इससे निजात जरूरी: प्रियंवदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बाल विवाह ना सिर्फ एक कानूनी अपराध है बल्कि यह एक ऐसी सामाजिक कुरीति है जो बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति करती है। इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के लिए हम सबको एकजुट हो कर काम करना होगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें कही। वे अपने कार्यालय में बाल विवाह मुक्ति रथ के साथ काम कर रहे समर्पित संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर रही थी। संस्था की अंजली ताम्रकार ने जूदेव को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस रथ को गुरूवार को बगिया स्थित कैंप कार्यालय में झंडी दिखा कर रवाना किया है। यह रथ जिले के आठों ब्लाक में घूम कर लोगों बाल विवाह के विरूद्व जागरूकता का संदेश देगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य जशपुर को बालविवाह मुक्त जिला बनाना

उन्होनें बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से चल रहे इस विशेष कार्यक्रम का लक्ष्य जशपुर को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। प्रियवंदा सिंह जूदेव ने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि बालिका और महिला सुरक्षा केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। कम उम्र में विवाह होने से बालिकाओं को घोर शारीरिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बालिकाओं के अशिक्षित होने से समाज पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए बालविवाह को सख्ती के साथ रोकना जरूरी है। इसके लिए कानूनी कार्रवाई के साथ जागरूकता भी आवश्यक है। बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी होने पर लोग स्वयं इससे दूर हो जाएंगे। और यही हमारी सफलता होगी।

मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेसजन ने कलेक्टोरेट तक किया मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पुलिस ने की बैरिकेडिंग, झूमाझटकी के बाद कुछ देर रहा तनाव

मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी जशपुर के आह्वान पर रणजीता स्टेडियम के पास विशाल जनसभा आयोजित की गई। किसान, मजदूर, महिलाएं और युवाओं की भारी मौजूदगी से मैदान खचाखच भर गया। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय की ओर उग्र मार्च किया।

कलेक्टोरेट के समीप पुलिस की सख्त बैरिकेडिंग पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की झूमाझटकी हुई, जिससे कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हालात बने। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सह-प्रभारी जरिता लेतफलांग ने कहा कि भाजपा शासन में जनकल्याणकारी योजनाओं को योजनाबद्ध ढंग से कमजोर किया जा रहा है। गांवों में रोजगार घटा है और गरीब परिवारों की आजीविका संकट में है। प्रदेश समन्वयक एवं विधायक उमेश पटेल ने कहा कि जब तक हर हाथ को काम और हर काम का पूरा दाम नहीं मिलेगा, कांग्रेस का आंदोलन नहीं थमेगा। जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि पहले धान खरीदी में किसानों को धोखा दिया गया और अब मनरेगा के नियम बदलकर गांव के गरीबों से रोजगार छीना जा रहा है। पूर्व विधायक विनय भगत ने धान खरीदी को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह आंदोलन हो रहा है और पार्टी किसान मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कार्यक्रम में यूडी मिंज जिला अध्यक्ष, जशपुर, अनुप फिलिप, आरती सिंह, जशपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर सतीश गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष अमित महतो, सहस्त्रांशु पाठक, अनोज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव, मनोरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष परमेश्वर भगत, चांद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला कार्यालय की कार्य व्यवस्था बनाए रखने निषेधाज्ञा लागू

- कलेक्टर ने धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

जशपुरनगर। जिला कार्यालय जशपुर में बिना पूर्व सूचना विभिन्न समूहों के अचानक प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने अथवा भीड़ के रूप में पहुंचने से नियमित शासकीय कार्य प्रभावित होने तथा आम नागरिकों को असुविधा होने की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रोहित व्यास ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताद्2023 की धारा 163 (पूर्व में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144) के अंतर्गत जिला कार्यालय जशपुर एवं उसके 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के घातक शस्त्र जैसे बंदूक, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी अथवा अन्य हथियार एवं विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं चलेगा। इसके साथ ही किसी भी प्रकार का जुलूस निकालना, आपत्तिजनक नारे लगाना, पोस्टर वितरित करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

धरना, आमसभा और ध्वनि विस्तारक पर रोक

निषेधाज्ञा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्र करने, धरना देने, नारेबाजी करने, आमसभा या जुलूस आयोजित करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है, ताकि शासकीय कार्यों में बाधा न पहुंचे।

ज्ञापन हेतु पूर्व अनुमति अनिवार्य

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति या समूह को ज्ञापन सौंपने अथवा अन्य कारणों से जिला कार्यालय परिसर में प्रवेश करने के लिए न्यूनतम दो दिवस पूर्व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जशपुर को विधिवत लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा। लिखित अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति अथवा समूह को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। यह आदेश शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु शस्त्र अथवा लाठी रखना आवश्यक है। साथ ही कानून-व्यवस्था के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारियों तथा शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था या दिव्यांगता के कारण लाठी रखने वाले व्यक्तियों को भी इस आदेश से छूट दी गई है।

जादू टोना, डायन प्रथा रोकने पुलिस की कार्यशाला

SEMINAR ON PREVENTION OF WITCH CRAFT AND WITCH HUNTING
Organized by: WESTERN RANGE ROURKELA

राउरकेला। जादू टोना और डायन प्रथा जैसी अंधविश्वासी कुप्रथाओं के उन्मूलन को लेकर आज पश्चिमी अंचल पुलिस की सीमास्तरीय कार्यशाला का आयोजन राउरकेला स्थित पंथनिवास के सम्मेलन कक्ष में किया गया। यह कार्यशाला पश्चिमी अंचल पुलिस उप.महानिरीक्षक कार्यालय के तत्वावधान में संपन्न हुईए जिसमें राउरकेला, सुंदरगढ़ एवं केओंझर जिलों के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में ओडिशा में प्रचलित जादू टोना और डायन प्रथा की रोकथाम हेतु बने कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार कानूनी प्रावधानों के माध्यम से इन सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस अवसर पर पश्चिमी अंचल सीमा पुलिस उप.महानिरीक्षक ब्रिजेश कुमार राय, राउरकेला पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी, संबलपुर विश्वविद्यालय, बुरला के स्नातकोत्तर विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. मीना केतन साहू एवं सहायक प्रोफेसर अंकिता कुमारी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्घाटन उप.महानिरीक्षक ब्रिजेश कुमार राय ने किया। प्रारंभिक संबोधन में पुलिस अधीक्षक नितेश वाधवानी ने जादू टोना एवं डायन प्रथा निषेध कानून की जानकारी दी और इसके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. मीना केतन साहू ने बताया कि वर्ष 1792 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान इन प्रथाओं को अंधविश्वास के रूप में चिन्हित किया गया था। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार ने वर्ष 2013 में गुनिया.गरेड़ी और डायन प्रथा उन्मूलन कानून पारित किया, जो 2014 से प्रभावी हुआ। उन्होंने समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज भी कुछ मुट्ठीभर लोग इन कुप्रथाओं का दुरुपयोग कर निर्दोश लोगों को प्रताड़ित करते हैं, यहां तक कि हत्या जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम देते हैं।

स्वतंत्रता सेनानी राम दुलारे की प्रतिमा का अनावरण

- बिसरा में पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

राउरकेला। स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी राम दुलारे तिवारी की पुण्य स्मृति में 4 फरवरी बुधवार की संध्या को बिसरा स्थित पांडेय जनरल कॉम्प्लेक्स सरकारी अस्पताल मुख्य मार्ग पर एक गरिमामय माल्यार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक जगत से जुड़े लोगों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायक को श्रद्धासुमन अर्पित किए। समारोह में प्रो. खीरद बराल प्राचार्य, एसआर महाविद्यालय, बिसरा, आईआईसी बिसरा थाना मनोरंजन, पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व बिसरा ब्लॉक चेयरमैन सुभाष महतो, समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश राजुका, समाजसेवी व राजनीतिक कार्यकर्ता जसविंदर सिंह गोल्डी, खालिद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्व. तिवारी के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता गोल्डी सिंह ने मांग रखी कि भविष्य में बिसरा अथवा आसपास के क्षेत्रों में स्थापित होने वाले सरकारी भवनों, विद्यालयों, अस्पतालों अथवा कार्यालयों का नाम स्व. राम दुलारे तिवारी के नाम पर रखा जाए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी की पहचान को स्थायी रूप देने हेतु विशेष समिति गठन तथा उनके योगदान को विद्यालयी पाठ्यक्रम में शामिल कराने के प्रयास का भी आश्वासन दिया।

स्वर्गीय अजीत पवार के अस्थि कलश का विसर्जन

राउरकेला। सम्पूर्ण भारत में हो रही अस्थि कलश यात्रा का कार्यक्रम आज भी जारी रहा। इस अवसर पर पूंडेग में आयोजित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारीए कार्यकर्ता और विभिन्न जिलों से आए समर्थकों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय अजीत पवार जी के व्यक्तित्व, उनके सरल स्वभाव और कार्यकर्ताओं के प्रति उनके विशेष लगाव को याद करते हुए उन्हें एक समर्पित जननेता बताया। कार्यक्रम में उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव भी अपनी टीम के साथ शामिल हो श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। सभी ने स्वर्गीय पवार जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा संगठन और जनता के हित को सर्वोपरि रखा। उनके कार्यकाल में पार्टी संगठन को मजबूती मिली और कार्यकर्ताओं को सम्मान एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि उनका निधन केवल पार्टी ही नहींए बल्कि समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे स्वर्गीय अजीत पवार के आदर्शों पर चलते हुए ईमानदारीए समर्पण और सेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन और समाज के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से अस्थि कलश लेकर आए अनिल वर्मा, दुर्गा उरांव, सुनील पटेल, अमन गुप्ता सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं झारखंड प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलाए जहां सभी ने स्वर्गीय अजीत पवार की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

रक्त-तिलक कर कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन, भावुक हुआ महाराजा चौक

भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जशपुर पहुंचे जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- दिलीप सिंह जूदेव व राजा विजय भूषण सिंह को दी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जशपुर आगमन सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि युवा शक्ति के जोश और संगठन के समर्पण का जीवंत प्रदर्शन बन गया। शहर की सीमाओं में प्रवेश करते ही भाजयुमो व भाजपा कार्यकर्ताओं का विशाल काफिला उनके साथ जुड़ गया।

मोर जशपुर परिवार

ढोल-नगाड़ों की थाप, गगनभेदी नारों और पुष्पवर्षा के बीच पूरा जशपुर भगवामय माहौल में डूबा नजर आया। जशपुर पहुंचने पर विजय आदित्य सिंह जूदेव ने सबसे पहले स्व. दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे महाराजा चौक पहुंचे, जहां राजा विजय भूषण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। महाराजा चौक पर स्वागत उस समय ऐतिहासिक और भावुक क्षण में बदल गया, जब एक युवा कार्यकर्ता ने परंपरागत ढंग से अपने रक्त से तिलक कर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। यह दृश्य देखते ही पूरे चौक में नारों की गूंज तेज हो गई। रक्त-तिलक को संगठन के प्रति समर्पण, निष्ठा और त्याग का प्रतीक माना गया। मौजूद कार्यकर्ताओं ने इसे युवा शक्ति की प्रतिबद्धता का संदेश बताया।

युवा ही संगठन और राष्ट्र की असली ताकत

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि युवा ही संगठन और राष्ट्र की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने रक्त-तिलक जैसे समर्पण भाव से अभिभूत होते हुए कहा कि यही जज्बा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी रहे शामिल

कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में ऊर्जा, एकजुटता और संगठन की ताकत साफ तौर पर दिखाई दी।

मत्स्य बीज संचयन से स्वरोजगार और पोषण को मिलेगा बढ़ावा

जशपुरनगर। मछली पालन विभाग, जशपुर द्वारा नदी एवं एनीकट्स के माध्यम से मछली पालन करने वाली समितियों एवं समूहों के सदस्यों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिले के विभिन्न एनीकट्स में मत्स्य बीज फिंगरलिंग का संचयन कराया गया।

इस पहल से स्थानीय मछुआ किसानों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा मछली के सेवन से पोषण स्तर में भी सुधार आएगा। जिले की इस अंतर्गत किलकिला एनीकट, विकासखंड पत्थलगांव, मैनी एनीकट विकासखंड कांसाबेल, डुमरटोली एवं सुरजुला एनीकट विकासखंड मनोरा, कोकिया (तुमला) एनीकट विकासखंड फरसाबहार, साहीडांड़ एनीकट विकासखंड बगीचा तथा हल्दीमुण्डा एनीकट विकासखंड कुनकुरी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मत्स्य बीज का संचयन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम जेके पैंकरा, सहायक संचालक मछली पालन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

SUPERSTAR RANBIR KAPOOR
GULSHAN KUMAR & T-SERIES PRESENT
NIM
PERIEN

जापान के सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होगी एनिमल

मुंबई। पिछले दिनों अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' जापानी भाषा में रिलीज हुई थी। अब रणबीर कपूर की 'एनिमल' भी जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जापान के दर्शकों के बीच बॉलीवुड फिल्मों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। वहीं, फिल्म मेकर्स भी इसमें फायदा देखते हुए अपनी फिल्मों को वहां के सिनेमाघरों में उतारने की कोशिश में लगे हैं। कुछ समय पहले ही पुष्पा 'कुनरिन' रिलीज हुई है, और अब 'एनिमल' भी रिलीज होने वाली है। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने अपने दादा राज कपूर के जापानी लोगों के साथ लगाव पर बात की। संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म 'एनिमल' 13 फरवरी को जापान में रिलीज होने जा रही है। वहीं, फिल्म की रिलीज से पहले इसका एक स्पेशल शो रखा गया। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने दर्शकों को शुक्रिया कहा। यह भी बताया कि उनका जापानी लोगों के साथ एक खास रिश्ता है।

लाइफ Style

राशा
डेब्यू गाना शिव को किया समर्पित

पिछले साल फिल्म 'आजाद'से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह फिल्म 'लईकी लईका'में नजर आएंगी। यह राशा की बॉलीवुड में दूसरी फिल्म होगी। इस फिल्म के साथ राशा ने सिंगिंग में भी डेब्यू किया है। राशा थडानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'लईकी लईका' के गाने 'छाप तिलक'से सिंगिंग में भी डेब्यू किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस फिल्म में उनके साथ अभय वर्मा भी हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग करने से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस एक इंटरव्यू में साझा किया है। उन्हें इसे सपने के सच होने जैसा बताया। एक इंटरव्यू में राशा थडानी बताती हैं कि उन्होंने बचपन से ही म्यूजिक में ट्रेनिंग ली है। वह कहती हैं, 'मैं जब 5 साल की थी, जब मैंने उस्ताद कादिर मुस्तफा खान से हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया। इसके अलावा मैंने जैज म्यूजिक भी सीखा है। म्यूजिक मेरे लिए एक तरह का सुकून है। जब मैं रियाज करती हूं, तो वो एक घंटा सिर्फ मेरा होता है। मैं हमेशा से गाना चाहती थी, यही मेरा पैशन रहा है। लेकिन मैं पूरी तरह एक शॉवर सिंगर हूं। आज मुझे म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिला है, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं।' राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में जो गाना गया है, उसके बारे में जानकारी साझा की है। इस गाने को भगवान शिव को समर्पित किया है। वह कहती हैं, 'मैंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा की है। मेरे लिए भगवान शिव सिर्फ एक भगवान नहीं, जिंदगी का हिस्सा हैं। वो हर दिन मेरे साथ रहते हैं। इस गाने में जब डमरू की बात होती है, तो मुझे नटराज का नृत्य याद आता है। भगवान शिव कला और नृत्य के देवता हैं।

हॉलीवुड मसाला

16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना किया शुरू

मुंबई। फिल्म 'धुरंधर' में इंटरनेशनल रैपर फ्लिपराची ने '**FA9LA**' गाने तहलका मचा दिया था। अब 'धुरंधर 2' में एक और इंटरनेशनल सिंगर का गाना फैंस को सुनने को मिलेगा। इस सिंगर का नाम डोजा कैट है? फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर दो दिन पहले रिलीज हुआ। इस टीजर को देखते हुए फैंस का ध्यान इस बात पर गया कि आखिर में डोजा कैट का गाना 'आह मैन बजता है। इस बात को मेकर्स ने भी टीजर के साथ कंफर्म किया है कि फिल्म में उनका यह गाना इस्तेमाल किया गया है। आज डोजा कैट अमेरिका की पॉपुलर सिंगर, सॉन्ग राइटर, रैपर हैं। उनका असली नाम अमाला रत्ना जैंडिले डलामिनी है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में जन्मी ((21 अक्टूबर 1995) डोजा कैट ने 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना शुरू किया। आज वह सबसे चर्चित पॉप स्टार के तौर पर मशहूर हैं। साल 2023 में उन्हें टाइम मैगजीन के सबसे पॉपुलर लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया था।

ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में मिली प्रसिद्धि

लॉस एंजिल्स। प्रसिद्ध मैक्सिकन अभिनेता और डांसर गेरार्डो तरासेना का 55 साल की उम्र में निधन हो गया। वह फिल्म 'एपोकैलिप्टो' में अपनी भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनका कॅरियर 30 साल से ज्यादा लंबा रहा। गेरार्डो तरासेना का जन्म 1970 में मैक्सिको सिटी में हुआ था। सिनेमा में जाने से पहले उन्होंने एक डांसर और थिएटर अभिनेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया। गेरार्डो तरासेना ने मैन ऑन फायर, द मैक्सिकन और नेटफ्लिक्स की सीरीज नार्कोसः मैक्सिको जैसी कई बड़ी फिल्मों और सीरीज में काम किया। गेरार्डो को खासतौर पर नेटफ्लिक्स सीरीज 'नार्कोसः मैक्सिको' में ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में काफी प्रसिद्धि मिली।

पर्दे पर हाउसवाइफ का निभाएंगी किरदार

मुंबई। आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा' थी, जो अक्टूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ' में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।



बच्चों को स्क्रीन नहीं हमारा साथ चाहिए

मुंबई। अभिनेता सोनू सूद अक्सर सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। हाल ही में उन्होंने बच्चों के ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल पर भी चिंता जताई है। सोनू ने इसको लेकर एक पोस्ट साझा किया है। बाद में उन्होंने एक वीडियो के जरिए भी इस मामले पर अपनी राय रखी है। उनका यह पोस्ट 12, 14 और 16 साल की तीन लड़कियों की अपने बिल्डिंग की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की खबर के बाद आया है। सोनू सूद ने घटना को लेकर एक्स पर अपना एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में सोनू सूद ने माता-पिता से बच्चों के लिए भावनात्मक रूप से उपलब्ध रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें स्क्रीन नहीं, हमारा साथ चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की दुनिया में हम बच्चों को इतना आगे छोड़ आए हैं कि हमें उनकी चुप्पी सुनाई नहीं देती।

टीवी मसाला

नागिन 7 और तारक मेहता का उल्टा चश्मा को तगड़ा झटका

नई दिल्ली। इस हफ्ते के टीवी शोज की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है। इसमें सबसे तगड़ा झटका 'नागिन 7' को लगा है, जो पिछले कुछ हफ्तों से राज कर रहा था। वह नंबर वन पोजिशन पर था। इसी तरह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को भी जोर का झटका लगा है। शो में पोपटलाल की शादी होने वाली थी, जिसे लेकर दर्शकों के बीच काफी क्रेज देखा जा रहा था। लेकिन, पोपटलाल की शादी नहीं हुई तो टीआरपी लुढ़क गई। दर्शकों को यह ट्रैक पसंद नहीं आया। वैसे इस हफ्ते में दो नए शोज की टीआरपी लिस्ट में एंट्री हुई है। ये हैं- डॉ. आरंभी और अक्षय कुमार का 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून'। चौथे हफ्ते में टॉप-10 शोज कौन से हैं और उनकी टीआरपी कितनी है, यहां बता रहे हैं। चौथे हफ्ते में पहले नंबर पर स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है और इसकी रुपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' के साथ कड़ी टक्कर देखने को मिली है। जहां 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस बार 2.2 की रेटिंग के साथ पहले नंबर पर है, वहीं 'अनुपमा' इससे जरा सा पीछे है, पर रेटिंग 2.2 ही है। दोनों शोज की व्यूअरशिप में नाममात्र का अंतर है। वहीं, पिछले हफ्ते 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर था, लेकिन दर्शकों को इस बार परी के तलाक का ट्रैक और तुलसी का शांति निकेतन लौटना दर्शकों को पसंद आया है। दर्शकों का इंट्रेस्ट इसके आगे आने वाले प्लॉट के कारण भी बना हुआ है कि क्योंकि आने वाले एपिसोड्स में अब तुलसी के मर्डर की साजिश रजी जाएगी।

करण ने छोड़ा द 50! खुद किया ऐलान



नई दिल्ली। कलर्स का रियलिटी शो 'द 50' शुरू होने के बाद से ही लोगों को पसंद आ रहा है। इसमें हर रोज लड़ाई-झगड़े हो ही रहे हैं। अब शो में आए नए ट्विस्ट के बाद दो कंटेस्टेंट्स एलिमिनेट हो गए हैं। वहीं, करण पटेल को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने शो छोड़ दिया है। शो की शुरुआत से ही विवाद चल रहा है। 'करण को पहले दिन से ही बाकी के कंटेस्टेंट्स से काफी दिक्कतें थीं। उन्होंने बिग बॉस के दो लोगों, रजत दलाल और दिग्विजय राठी के बीच हुई हाथापाई की घटना पर भी आपत्ति जताई, जब एक मामूली बात पर रजत दलाल ने राठी पर हमला कर दिया था। इसी दौरान करण को यह कहते हुए सुना गया, 'इससे मेरी मानसिक शांति भंग हो रही है और मैं ऐसी जगह नहीं रह सकता जहां हिंसा भड़कती हो।' उन्होंने तुरंत कहा, 'मैं शो छोड़ रहा हूं,' और तब से उनके बाहर आने की खबरें जोरों पर हैं। शो में इस तरह का ड्रामा कोई नई बात नहीं है। इससे पहले, टीम कैप्टन के तौर पर करण, बाकी कप्तानों के साथ, पहले एलिमिनेशन में भी शामिल थे।

मिर्जापुर द मूवी की रिलीज डेट घोषित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मिर्जापुरः द मूवी'को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। गुरुवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें रेत पर कई गाड़ियां दौड़ रही हैं और पीछे एक बड़ी सी कुर्सी एक कार में बंधी है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट घोषित करते हुए कैप्शन में लिखा, अब देखिए भौकाल बड़े पर्दे पर। 'मिर्जापुरः द मूवी'4 सितंबर को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'मिर्जापुर'की शुरुआत साल 2018 में एक वेब सीरीज के तौर पर हुई थी। इस क्राइम-थ्रिलर के पहले सीजन को काफी पसंद किया गया था।



मुन्ना भइया घर-घर में हो गए मशहूर

फिल्म के एक-एक सीन से लेकर इसके डायलॉग तक काफी मशहूर हुए थे। देखते-देखते सीरीज के प्रमुख किरदार कालीन भइया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना भइया (दिव्येंदु शर्मा) घर-घर में काफी मशहूर हो गए। सीरीज की लोकप्रियता को भुनाते हुए मेकर्स साल 2020 में 'मिर्जापुर'का दूसरा सीजन लेकर आए। इस सीजन को भी पसंद किया गया और कहानी में कई नए मोड़ जोड़े गए। इसके लगभग चार साल बाद साल 2024 में मेकर्स 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन लेकर आए। हालांकि, इस बार कहानी दर्शकों को उतना प्रभावित नहीं कर पाई और सीरीज कोई खास चर्चा नहीं बटोर सकी। लेकिन अब मेकर्स मिर्जापुर की कहानी को बड़े पर्दे पर ला रहे हैं। ऐसे में दर्शकों का उत्साह इसे देखने के लिए चरम पर है।

धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही कमा डाले करोड़ों

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। इस फिल्म ने अपनी ही पहली फिल्म का एक रिकॉर्ड भी ब्रेक किया है। धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स पार्ट 1 से काफी ज्यादा महंगे बिके हैं। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट ने ओटीटी राइट्स में तगड़ी कमाई की है। हालांकि, धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स में एक शिफ्ट हुआ है। धुरंधर पार्ट 1 की तरह धुरंधर 2 नेटफ्लिक्स पर रिलीज नहीं होगी।



स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में पहले पार्ट को पीछे छोड़ा

रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर पार्ट 2 के स्ट्रीमिंग राइट्स जियो हॉटस्टार ने लिए हैं। स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में धुरंधर पार्ट 2 ने पहले पार्ट को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे पार्ट ने लगभग पहले पार्ट के मुकाबले दोगुना कमाई की है। धुरंधर 2: द रिवेंज की स्ट्रीमिंग राइट्स 150 करोड़ में बेचे गए हैं, जिससे यह हाल के समय के सबसे बड़े ओटीटी सौदों में से एक बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने दोनों फिल्मों की रिलीज से पहले ही 175 करोड़ में स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदने की बात कही थी। हालांकि, जियो स्टूडियोज ने इंतजार करना सही समझा। पहले पार्ट के डिजिटल राइट्स 85 करोड़ में बेचे गए। वहीं, धुरंधर पार्ट 2 के राइट्स 150 करोड़ में बिके हैं। धुरंधर की बात करें तो इस फिल्म को आदित्य धर ने लिखा और डायरेक्ट किया है। अब फैंस को फिल्म के पार्ट 2 का इंतजार है। पार्ट 2 में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं। धुरंधर पार्ट 2 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। धुरंधर 2 का साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक से क्लैश होगा। टॉक्सिक भी 19 मार्च को ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

धर्मेंद्र को छेड़ने वाले वीडियो पर कहा- मैं भी इसका हिस्सा रही

जीनत अमान ने दिखाया बॉलीवुड का डार्क साइड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरे जमाने की मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान इन दिनों सोशल मीडिया पर अक्सर फैन्स से रूबरू होती हैं। वो अपनी पुरानी फिल्मों के सीन, किस्से-कहानियां अपने फैन्स और नए जमाने के दर्शकों से सोशल मीडिया पर शेयर किया करती हैं। जीनत फैंस से हिंदी सिनेमा में आए बदलावों पर भी बात किया करती हैं। ऐसा ही एक किस्सा उन्होंने अब सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें धर्मेंद्र के साथ अपनी फिल्म का वीडियो क्लिप शेयर किया है। जीनत ने इंस्टाग्राम पर 1970 के दशक की फिल्म 'तीसरी आंख' का एक खास सीन पोस्ट किया, जिसमें उनका किरदार बरखा काफी आक्रामक और शरारती अंदाज में धर्मेंद्र के किरदार अशोक का पीछा करती दिखती है।

शेयर किया धर्मेंद्र के साथ वीडियो

एक्ट्रेस ने पोस्ट कर लिखा, 'पुरानी फिल्मों में सीन दोबारा देखना हमेशा एक अनोखा और मजेदार अनुभव होता है। कभी पता नहीं चलता है कि कौन सा सीन दिल को छू लेगा या फिर सोचने पर मजबूर कर देगा।'

मैंने इस बेतुकी धारणा को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई

उन्होंने कहा, 'हमारी कई फिल्में सच्चे और रियल लव को पेश करने की बजाय जुनून और दीवानगी को दिखाती है। मैं ये भी मानती हूं कि मैंने भी बॉलीवुड द्वारा भारतीयों में फैलाई गई रोमांस की इस बेतुकी धारणा को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है। इसलिए यह मेरी एक छोटी सी कोशिश है। मैं क्लियर कर देना चाहती हूं कि रिश्तों में सहमति जरूरी है और सम्मान दोनों तरफ से होना चाहिए। यकीन मानिए, मैंने यह बात बहुत मुश्किल से सीखी है।'

'दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई?'

जीनत अमान ने आगे लिखा, 'कुछ हफ्ते पहले आपने फिल्म दोस्ताना के एक क्लिप में अमिताभ बच्चन का किरदार इंस्पेक्टर विजय को मुझे छेड़ते देखा। अब इस वीक तीसरी आंख के सीन में आप देखेंगे कि धरम जी को मैं छेड़ रही हूं।' इसी के साथ जीनत ने सवाल किया है कि क्या सिर्फ दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई? कुछ हफ्ते पहले आपने फिल्म दोस्ताना के एक क्लिप में अमिताभ बच्चन का किरदार इंस्पेक्टर विजय तो मुझे छेड़ते देखा। अब इस वीक तीसरी आंख के सीन में आप देख रहे हैं कि धरम जी को मैं छेड़ रही हूं। क्या सिर्फ दो सालों में हिंदी सिनेमा में हीरोइनों की भूमिका इतनी तेजी से बदल गई?

अशोक भोला-भाला और दबाव में रहने वाला किरदार

उन्होंने लिखा, 'क्या वाकई उन दो फिल्मों के बीच बीते दो सालों में हिंदी सिनेमा की हीरोइनों के लिए हालात इतने बदल गए? यह कहना मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि यह सीन आम धारणा को एक दिलचस्प मोड़ देता है। यहां धरमजी का अशोक भोला-भाला और दबाव में रहने वाला है, जबकि मेरा किरदार बरखा चंचल और एकदम बेबाक है। वह अग्रेसिव होकर उसका पीछा करती है, जबकि एक्टर का किरदार को वो पसंद नहीं और चिड़चिड़ा दिखता है।'

इंस्पेक्टर विजय के नजरिए का सपोर्ट नहीं कर सकती थी

उन्होंने आगे कहा है, 'मुझे लगता है कि इस दृश्य मजेदार होने और किसी को गुस्सा दिलाने की वजह से ट्रडिशनल रोल से उलट है। सच तो ये है कि मैं बरखा के अप्रोच को सपोर्ट नहीं कर सकती, ठीक वैसे ही जैसे मैं इंस्पेक्टर विजय के नजरिए का सपोर्ट नहीं कर सकती थी। हंसी-मजाक और शरारत प्यार के बेहतरीन तरीके हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री ने कभी-कभी इन्हें हद से ज्यादा बढ़ा दिया।'

खबर संक्षेप

जल आवर्धन और वाटर एटीएम तीन साल से बंद

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर में कुछ साल पहले महानदी जल आवर्धन की स्थापना की गई है जिसके जरिए सूरजगढ़ महानदी का पानी पुसौर में फिल्टर करके घर-घर सप्लाई किया जाना है। इस योजना के तहत संयंत्र के स्थापना के कुछ माह तक इसका पानी लोगों के घर तक पहुंचा उसके बाद बंद हो गया। इसके बाद कुछ माह फिर चला और बंद रहा और फिर कुछ माह चला और अब यह पुरी तरह से पिछले 3 साल से बंद है। नगर पंचायत में जब नई भाजपा सरकार आई तो लोगों को यह भरोसा था कि जल्द ही जल्द क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी के दिशा निर्देश में लोगों को नदी का फील्टर पानी मिलेगा। बहरहाल जल आवर्धन में लगे संयत्रों का सुधार अब तक नहीं होने की जानकारी प्रकाश में आया है। इसमें वाटर एटीएम भी सम्मिलित है। जानकारों की माने तो एटीएम किसी ठेकेदार द्वारा चलाया जा रहा था जिसका मामला कोर्ट पहुंच चुका है और आवर्धन योजना के फिल्टर प्लांट के मशीनों में तकनीकी खराबी आने के कारण बंद है। जिसके सुधार व नए सामान के सीईओ ललित साहू द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में साहू ने बताया कि पुसौर का पानी खराब है अभी तक मुझे पता नहीं चला है वहीं इस तथ्य पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने बताया कि यहां के पानी टीडीएस अधिक है जिसके कारण कपडे और ज्वेलरी आये दिन खराब होते रहे हैं।

अभिनव स्कूल में परीक्षा पे चर्चा शिक्षक, पालक छात्र हुए शामिल

पुसौर। अभिनव विद्या मंदिर पुसौर द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए 5 वी 8 वीं 10 वीं एवं 12 वीं के पालक बालक एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। उक्त बैठक में पालक अपने अपने विचार रखे। शिक्षकों द्वारा भी जानकारी साझा की गई। विदित हो कि 5वींए 8वीं 9 वीं एवं 11 वीं में इस वर्ष अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक परीक्षा का 70 प्रतिशत अंक लेकर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार पहली से 7 वीं तक तिमाही का 20 प्रतिशत अर्धवार्षिक 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिात अंक लेकर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। पालकों एवं बच्चों से चर्चा के दौरान कहा गया कि परीक्षा को बिना तनाव के एक उत्सव की भांति लिया जाए। अंत में प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, श्रीमती मंजू लता गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक फूल चंद गुप्ता, रंजीत गुप्ता, रवीन्द्र मेहर, सनत कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

निधन

भगवती कंसारी

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 में निवासरत प्रतिष्ठित कांसा पीतल एवं ज्वेलरी के व्यवसायी विजय कंसारी की पत्नि की बीते गुरूवार सुबह 8 बजे 68 वर्षीय श्रीमती भगवती कंसारी का निधन हो गया। ये अस्वस्थ तो नहीं थी, लेकिन अधिक उम्र दराज के कारण स्वास्थगत परेशानी का सामना कर रहीं थीं।

अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक पहल

अकादमिक उत्कृष्टता के लिए नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपीजेयू ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाते हुए 4 फरवरी को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक साझेदारी ओपीजेयू की वैश्विक शैक्षणिक उपस्थिति को सुदृढ़ करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

एमओयू हस्ताक्षर समारोह नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय, यूके के भव्य परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक नेतृत्व की उपस्थिति रही। इस अवसर पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार तथा धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.एम कल्याण फनी ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय की ओर से इस समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर डॉ. रिचर्ड एम्सए प्रो वाइस.चांसलर रिसर्च एवं इंटरनेशनलाइज़ेशन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुए। इसके साथ ही कार्यक्रम में डॉ. क्लेयर न्यूस्टेड, को.डायरेक्टर, एनटीयू ग्लोबलय प्रोफेसर नील मैन्सफ़ील्ड, एग्ज़ीक्यूटिव डीन रिसर्च एवं इंटरनेशनल रेप्युटेशनय तथा डॉ. केव गैरेथ, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ शैक्षणिक एवं नेतृत्वकारी अधिकारी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के रणनीतिक महत्व और इसकी दीर्घकालिक दृष्टि को और अधिक सुदृढ़ किया।

यह रणनीतिक एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों के बीच बहुआयामी शैक्षणिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके अंतर्गत छात्र एवं फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम, संयुक्त शोध एवं पीएचडी पर्यवेक्षण, सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएं, पाठ्यक्रम विकास तथा संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएं और अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है।

इस सहयोग के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों को वैश्विक अकादमिक परिवेश में कार्य करने, अत्याधुनिक अनुसंधान से जुड़ने तथा अंतर.सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करने के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षाए अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में ओपीजेयू को एक वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने की दीर्घकालिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय जैसे विश्व प्रसिद्ध संस्थान के साथ यह सहयोग ओपीजेयू के छात्रों और संकाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी, नवोन्मेशी और प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. पाटीदार ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि यह ऐतिहासिक एमओयू जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल एवं ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल की दूरदर्शी पहल, वैश्विक शैक्षणिक दृष्टिकोण और शिक्षा केन्द्रित मिशन का प्रत्यक्ष परिणाम है।

पुसौर के मंगलभवन में चतुर्थ महिला महाधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के 89 पंचायतों में कार्यरत महिला समूह और विहान की महिलाओं ने पिछले कई वर्षों से 5 फरवरी को लगातार महिला महाधिवेशन का आयोजन होता रहा है।

इसी कड़ी में पुसौर के मंगलभवन में यह आयोजन हुआ। जिसमें जिला पंचायत सीईओ अभिजित बबन पठारे, पुसौर जनपद सीईओ विवेक गोष्वामी, जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष व एडवोकेट मधुलता पटेल, जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा, ग्रामीण बैंक के प्रबंधक अदिति, नव गुरूकुल के प्रेमा एवं भावना, एग्रीकल्चर से शैल पाण्डेय, महिला संघ के सभी पदाधिकारी, मनरेगा के पीओ वर्षा वर्मा, बिहान के अधिकारी, ट्रेनर अनिता, उषा सहित अन्य दीदीयां मौजूद रहीं। पुसौर बिहान के बीपीएम छाया ईश्वर ने कहा कि उक्त कार्यक्रम हमारे महिला समूह के स्वयं के द्वारा बनाए गए सामग्रियों के जरिये आयोजन हुआ। वहीं उनहोंनें अपनी लोक कला को भी सभी के बीच साझा किया। कार्यक्रम अन्तर्गत आपसी समरसता बनाए रखने के मद्देनजर सिलोलाई, बैलून फुलाना, डांस आदि कार्यक्रम हुआ।

सरिया में अखंड नवधा रामायण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

भगवान श्री राम के आदर्शों का प्रचार करना और समाज में समरसता, संस्कार और धार्मिक भावना को मजबूत करने के लिए सरिया में भव्य अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 से 27 मार्च तक किया गया है। इसके लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक के पद पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं नगर पंचायत के सभी पार्षद गण संरक्षक सदस्य बनाए गए। नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष के पद पर नगर के साहित्यकार व कवि शिवकुमार बैरागी तथा धर्म परायण व सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल नामदेव को सचिव के पद का दायित्व दिया गया। इसी तरह नगर के वीरेंद्र सोनी तथा तुलसी रामायण समिति सरिया के अध्यक्ष गणेश अग्रवाल दामो को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है। इसी क्रम में नवधा रामायण आयोजन समिति में प्रबंध कार्यकारिणी के रूप में राम प्रसाद अग्रवाल, देवेंद्र प्रधान, विजय स्वर्णकार, छोटे लाल अग्रवाल, फगुलाल निषाद टेलीफोन, अरुण मिश्रा, स्वप्निल स्वर्णकार, मिनकेतन प्रधान, डॉक्टर एस कर, रंजू गुरु, कैलाश अग्रवाल, तथा तुलसी रामायण सेवा समिति के समस्त सदस्य गण इसके प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष शिव बैरागी ने कहा कि 19 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य नवधा रामायण में वृंदावन धाम से सुश्री देवी मंजू कल्याणी तथा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मानस गान व कथा व्यास नंद कुमार साहू धमतरी व सरिया नगर के लाडले कथा वाचक पंडित सलिल कृष्ण गुरु व स्थानीय आमंत्रित मानस मंडली द्वारा रामायण कथा संपन्न होंगे । शिव बैरागी ने आगे कहा कि 9 दिन तक चलने वाले भव्य अखंड नवधा रामायण पाठ किया जाएगा।

टैगोर शिशु निकेतन स्कूल में वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बीते 31 जनवरी को टैगोर शिशु निकेतन स्कूल बिलाईगढ़ में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें शिक्षा संस्कृति और परंपरा का संगम नजर आया। यह आयोजन न केवल विद्यालय बल्कि पूरे नगर के लिए एक यादगार और ऐतिहासिक क्षण साबित हुआए जहां छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं का मनोहारी प्रदर्शन देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे की उपस्थिति रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश देवांगन;पार्षद श्रीमती कीर्ति राजेश शर्मा तेरस देवांगन उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि दामोदर प्रसाद दुबे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों में संस्कृति, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास होता है। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिक उत्सव में विद्यालय के नन्हे.मुन्ने विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, सुवा नृत्य, गरबा, देशभक्ति गीतों एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर प्रस्तुत हर कार्यक्रम में बच्चों की मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा स्पष्ट रूप से झलकती रही।विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और पारंपरिक वेशभूषा ने दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा और दर्शक देर तक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण नगर के प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अघोर गुरु पीठ बनोरा में कल 28वां नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा की मुख्य शाखा के तत्वाधान में ग्राम बनोरा में आगामी 08 फरवरी रविवार को 28 वे विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन होगा। विदित हो कि पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में निरंतर स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं अनवरत जारी है इस क्रम में गत माह ग्राम डभरा में आयोजित शिविर में 5676 मरीज लाभान्वित हुए। आगामी 8 फरवरी को आयोजित शिविर में मरीजों को दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। यह शिविर अघोर गुरु पीठए बनोरा आश्रम परिसर में आयोजित होगा। शिविर में मरीजों की जांच हेतु अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। निकटवर्ती गांवों से आए मरीज शिविर में कतारबद्ध होकर अपना पंजीयन प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक करा सकेंगे। पंजीकृत मरीजों की जांच प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक की जाएगी। शिविर में हृदय रोगए स्त्री रोगए शिशु रोग, अस्थि रोग, थायरॉयड एवं कैंसर, जनरल सर्जरी, नेत्र, नाक, कान, गला, दंत, चर्म, एलर्जी दमा टीबी, जनरल मेडिसिन एवं फिजियोथैरेपी से संबंधित चिकित्सक मरीजों की निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श देंगे उसके बाद मरीजों को निःशुल्क दवा मिलेगी। शिविर में हृदय रोग के लिए डॉ. प्रकाश कुमार मिश्रा, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डॉ. मनीष बेरीवाल एवं डॉ. जितेंद्र कुमार नायकय स्त्री रोग के लिए डॉ. सुचित्रा त्रिपाठी,. डॉ. मधु दुबे, के रूप में डॉ. गौतम शर्मा तथा पैथोलॉजिस्ट के रूप में डॉण रीना नायक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में सिटी पैथोलैब रायगढ़ द्वारा पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी, वहीं ईसीजी जांच डॉ. प्रकाश मिश्रा एवं डॉ. मनीष बेरीवाल द्वारा तथा डेंटल एक्स.रे की सुविधा रायगढ़ डेंटल केयर एवं एडवांस डेंटल क्लिनिक द्वारा प्रदान की जाएगी।

एनटीपीसी लारा ने की स्थानीय युवाओं के लिए कुशल भविष्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कौशल विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुएए एनटीपीसी लारा ने अपनी मजबूत नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत आज स्थानीय युवाओं के एक बैच को कोरबा में वोकेशनल ट्रेनिंग के लिए रवाना किया, जो समावेशी विकास और स्थायी आजीविका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने केशव चंद्र सिंघा रॉय महाप्रबन्धक, प्रचालन एवं अनुरक्षण, हेमंत पावगी महाप्रबंधक, परियोजना, जाकिर खान अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन, मनीष कुमार अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाए, एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, गौरवान्वित माता.पिता और महत्वाकांक्षी प्रशिक्षुओं की गरिमामयी उपस्थिति में किया जो आशा अवसर और परिवर्तन के एक क्षण को चिह्नित करता है। तीन महीने का यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कोरबा में असिस्टेंट मशीन ऑपरेटर दृ इंजेक्शन मोल्डिंग के विशेष ट्रेड में आयोजित किया जाएगा, जो युवाओं को उद्योग.प्रासंगिक, भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करेगा। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को पाटना है, जिससे प्रतिभागियों को स्थायी आजीविका के अवसर सुरक्षित करने और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में सार्थक योगदान करने में सक्षम बनाया जा सके। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए, सुभाष ठाकुर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने एक प्रेरणादायक संदेश दियाए जिसमें युवाओं से अटूट समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ प्रशिक्षण को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कौशल विकास केवल रोजगार का मार्ग नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और दीर्घकालीन रोजगार क्षमता का एक उपकरण है।

नलवा को तीसरी बार मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंचल क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड एवं नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड ने स्टील और पावर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को एक बार फिर साबित किया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट इंडिया ने जनवरी 2026 से जनवरी 2027 की अवधि के लिए इन्हें कार्य के लिए बेहतरीन स्थल तथा उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया है।

यह सम्मान लगातार तीसरी बार प्राप्त किया गया है, जो कंपनी की कर्मचारी केंद्रित नीतियों और सकारात्मक कार्य वातावरण की मजबूत पहचान की दर्शाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन वैश्विक स्तर पर कार्यस्थलों की गुणवत्ता का मानक है, जो कर्मचारियों के फीडबैक और कंपनी की संस्कृति पर आधारित होता है। इस प्रमाणन के साथ नलवा समूह ने स्टील एवं पावर उद्योग में अपनी श्रेष्ठता को मजबूत किया है। डायरेक्टर एवं प्लांट हेड डॉ. एसएस राठी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि कि हमारे मार्गदर्शक नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में एवम हमारे प्रेरणास्त्रोत बाबूजी ओपी जिन्दल के आशीर्वाद से हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है। हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं लगातार तीसरी बार यह सम्मान प्राप्त करना हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि हम एक ऐसा कार्यस्थल बनाना चाहते हैं जहां हर व्यक्ति गर्व से काम करे। यह उपलब्धि पूरे नलवा परिवार की साझा सफलता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

शादी का झांसा देकर आरोपी करता था दुष्कर्म

पॉक्सो के आरोपी को 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना सारंगढ़ के अपराध जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है। इसमें आरोपी अंकित कोसले पिता लक्ष्मी दत्त कोसले 22 निवासी ग्राम हिर्री थाना सारंगढ़ द्वारा नाबालिक पीड़ित बालिका को शादी करने का झांसा देकर निरंतर शारीरिक संबंध बनाया था।

पीड़ित बालिका द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था, जिस पर थाना सारंगढ़ मे अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाये जाने से अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 ,1 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 2, एम के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान किये जाने की अनुशंसा की गई है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता है। इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।

जिला अस्पताल में हर दिन दो महिला की नसबंदी

कटेली। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। डॉक्टरों ने कर्मचारियों की टीम के साथ मिलकर 108 महिला नसबंदी ऑपरेशन पूरा किया है। 23 दिसंबर 2025 को शुरू हुई इस विशेष चिकित्सा सेवा ने बेहद कम समय में जनता का विश्वास जीता है। आंकड़ों के अनुसार, ऑपरेशनों का सिलसिला कुछ इस प्रकार रहा। दिसंबर 23 से 31 17 सफल केस, जनवरी 71 सफल केस सर्वाधिक प्रगति, फरवरी अब तक 20 सफल केस, कुल 108 सफल ऑपरेशन किया गया है। सिविल सर्जन डॉ.दीपक जायसवाल ने बताया कि नसबंदी ऑपरेशनों की यह संख्या स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। डॉ.राकेश साहू सर्जन के नेतृत्व में मरीजों को सुरक्षित और आधुनिक तकनीक से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त